सोनाक्षी ने पाए 99.6 फीसदी अंक, बोलीं- नीट रद्द होना सिस्टम की नाकामी

सर पदमपत सिंहानिया स्कूल की हैं छात्रा, सीबीएसई 12वीं में कानपुर का परिणाम 86.21 फीसदी

माई सिटी रिपोर्टर

सफलता का जश्न

कानपुर। सीबीएसई के 12वीं के घोषित परिणाम में इस बार शहर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल की छात्रा सोनाक्षी गोयल ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर में सर्वाधिक अंक अर्जित किए हैं। वह नीट दे चुकी हैं। परीक्षा रद्द होने को उन्होंने सिस्टम की नाकामी बताया।

वह कहती हैं कि पेपर अच्छा गया था, दोबारा से नीट देना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। किसी भी परीक्षा के रद्द होने से छात्रों का मनोबल टूटता है। सोनाक्षी को अंग्रेजी और चार सर्वश्रेष्ठ विषयों के अंकों के आधार पर 99.6 फीसदी अंक मिले हैं। सर्वोदयनगर निवासी सोनाक्षी कहती हैं कि व्यवस्थित तरह से पढ़ाई करना, टीचर्स के नोट्स के सहारे ही पढ़ाई करना बेहतर है। छात्रों को सैंपल पेपर जरूर लगाने चाहिए। दो साल तक किसी भी फैमिली ट्रिप, फंक्शन में नहीं गईं।

सर पदमपत सिंहानिया में सोनाक्षी के साथ पिता गौतम गोयल । अमर उजाला

पिता गौतम गोयल सीए और मां शेफाली गोयल गृहिणी हैं। सोनाक्षी के पिता डॉक्टर बनना चाहते थे पर किसी कारणवश नहीं बन सके। अब वह अपने पिता का सपना पूरा करना चाहती हैं। सोनाक्षी को अंग्रेजी में 98, फिजिक्स में 94, केमिस्ट्री 100, बायो 100, वोकल म्यूजिक 100, कथक में 100 अंक मिले हैं। वह चार साल की उम्र से कथक सीख रही हैं।

इस वर्ष कानपुर का परीक्षा परिणाम 86.21 प्रतिशत रहा है। पिछले सालों के मुकाबले परिणाम लुढ़का है। पिछले साल 12वीं का परिणाम 88.61 फीसदी गया था जबकि इस साल 2.40 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बार पीसीएम वर्ग के छात्र टॉप-10 की सूची में स्थान पाने में नाकाम रहे। टॉप-10 में मानविकी और कॉमर्स के छात्रों ने अपना परचम लहराया।

टॉपर्स की सूची में दूसरे स्थान पर जीडी गोयनका स्कूल की अनुष्का दीक्षित हैं। उन्होंने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल की अक्षरा सिंह और गौरवी जायसवाल ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान साझा किया। डीपीएस कल्याणपुर की नव्या दीक्षित ने भी 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

सर पदमपत सिंहानिया के देवादित्य गुप्ता (98.2 फीसदी), सनातन धर्म एजुकेशन की अदीबा फातिमा (98 फीसदी), डीपीएस कल्याणपुर की तनिष्का सिंह (98 फीसदी) और डीपीएस बर्रा की ऐन्द्री चतुर्वेदी (98 फीसदी) ने भी नाम रोशन किया। केडीएमए बर्रा की शिवांशी सिंह, मंटोरा पब्लिक स्कूल की अर्पिता शुक्ला और एलेन हाउस पनकी के प्रांजुल गुप्ता ने भी श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल का दावा है कि सोनाक्षी नेशनल टॉपर हैं। परिणाम अंग्रेजी और चार सर्वश्रेष्ठ विषयों के अंकों के आधार पर जारी किए गए हैं।

नंबरों की बारिश के बाद फुहारें पड़ीं तो कमलानगर के एक स्कूल में छात्राएं कुछ इस अंदाज में दिखीं। अमर उजाला

विद्यालय के शिलान्यास को लेकर सपा-भाजपा टकराए, आरोप... भाजपा नेता ने काम कराया बंद

www.kit.ac.in
B. PHARM
D. PHARM

परिणाम जारी होने के बाद सर पदमपत सिंहानिया स्कूल की छात्र-छात्राएं खुशी से उछल पड़ीं। अमर उजाला

मेधा पर बरसे अंक... परवाज की तैयारी

कई दिनों का इंतजार खत्म हुआ और सीबीएसई ने बुधवार को 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया है। शहर के कई मेधावियों ने 95 प्रतिशत से अधिक नंबर लाकर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल की सोनाक्षी गोयल ने 99.6 अंक पाकर शहर का मान बढ़ाया है। खास बात यह है कि सिटी की टॉप-10 सूची में छात्राओं का दबदबा है। इस सूची में सिर्फ तीन ही छात्र हैं, बाकी सब छात्राएं हैं।

पक्की सहेलियों को मिले ९८.६ प्रतिशत अंक

मां सरस्वती को प्रणाम करतीं अक्षरा सिंह। गौरवी जायसवाल।

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की 12वीं की छात्रा अक्षरा सिंह और गौरवी जायसवाल पक्की सहेलियां हैं। दोनों को ही बोर्ड में 98.6 फीसदी अंक मिले हैं। दोनों ही लॉ में अपना कॅरिअर बनाना चाहती हैं। केशवपुरम निवासी अक्षरा सिंह के पिता अतुल सिंह एडवोकेट और

98.6%

बिजनेसमैन, मां प्रतिभा सिंह गृहिणी हैं। क्लैट में मनपसंद कॉलेज न मिलने पर वह अब सीयूईटी से डीयू में एडमिशन लेना चाहती हैं। को-करिकुलर में एक्टिव रहीं अक्षरा कहती हैं कि फोकस होकर पढ़ाई करें। सोशल मीडिया से दूर रहीं। वहीं, लक्ष्मीपुरवा की रहने वाली गौरवी के पिता गौतम कुमार कोषागार में हैं और मां ज्योति रानी गृहिणी हैं। गौरवी को हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस में 100-100 अंक मिले हैं। वह कहतीं हैं कि लॉ में अपना कॅरिअर बनाना चाहती हैं। उनका कहना है कि स्क्रीन टाइम को कम करें और परेशानी के दौरान परिवार की मदद लें।

स्पोर्ट्स के बाद अब 12वीं में भी अव्वल

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के देवादित्य गुप्ता को 98.2 फीसदी अंक मिले हैं। नेशनल लेवल ताइक्वांडो, स्टेट लेवल पर क्रिकेट और बैडमिंटन, डिबेट में अव्वल रहने वाले देवादित्य गुप्ता ने पढ़ाई में भी परचम लहराया है। बिजनेसमैन दंपती सौरभ गुप्ता और अनुभूति के बेटे देवादित्य की छोटी बहन भी नेशनल लेवल की बैडमिंटन प्लेयर हैं। देवादित्य तीन सालों से हर दिन परमट जाते हैं। बिजनेस, मार्केट में रुचि रखने वाले देवादित्य का सपना इकोनॉमिस्ट बनने का है। कहते हैं कि नियमित पढ़ाई बेहद जरूरी है। परीक्षा के दौरान प्रस्तुतीकरण भी मायने रखता है। अंग्रेजी और पॉलीटिकल साइंस में उनको शत-प्रतिशत अंक मिले हैं।

98.2%

देवादित्य गुप्ता।